सार-समाचार

कलश यात्रा के साथ दधीचि महोत्सव शुरू

जोधपुर, (कासं)। दाधीच समाज के आराध्य महर्षि दधीचि की जयंती पर दो दिवसीय महोत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गए। इस बार भी प्रति वर्ष की भांति दधीचि जयंती धार्मिक एवं सामाजिक सेवार्थ कार्यों के साथ मनाई जा रही है। दाधीच समाज सेवा समिति संभाग के अध्यक्ष पवन आसोपा ने बताया कि जयंती महोत्सव पर आज सुबह उम्मेद उद्यान से मातृ शक्ति की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा उम्मेद उद्यान से प्रारंभ होकर पावटा सर्किल स्थित महर्षि दधीचि उद्यान पहुंचकर विसर्जित हुई। उन्होंने बताया कि 11 सितम्बर को दधीचि उद्यान में महर्षि दधीचि की प्रतिमा पर सुबह सात बजे दुग्धाभिषेक होगा। शाम चार बजे शोभायात्रा व वाहन रैली पावटा दधीचि उद्यान से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए माणक चौक दधीचि न्याति भवन पहुंच कर संपन्न होगी। इससे पहले सुबह नौ बजे विश्व शांति यज्ञ, सुबह 9.15 बजे पावटा सेटेलाइट अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। समिति के सचिव विकास दाधीच ने बताया कि समारोह का समापन 15 सितम्बर को टाउन हाल में होगा। कार्यक्रम के बाद समस्त दाधीच समाज की प्रसादी कार्यक्रम होगा।

रामदेवरा के लिए जैसलमेर से दल रवाना

जैसलमेर, (नि.सं.)। बाबा रामदेव के 640वें मेले में देशभर से लोग अलग अलग वाहनों के माध्यम से रामदेवरा जा रहे हैं। जैसलमेर से 150 लोगों का पैदल संघ रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। ये संघ 4 दिन की यात्रा कर रामदेवरा पहुंचेगा। जय बाबा रामदेव सेवा समिति, हजूरी समाज रामदेवरा पैदल यात्री संघ पिछले 24 साल से लगातार पैदल जाता है। करीब 120 किमी की पदयात्रा कर हर साल मेले के दौरान रामदेवरा जाता है। पैदल संघ में महिला, पुरुष व बालक बालिकाएं भी शामिल है। पैदल संघ द्वारा बाबा की समाधि पर घोड़े और ध्वजा चढ़ाई जाएगी व समाधि के दर्शन करेंगे। पैदल यात्री संघ के अध्यक्ष मदनसिंह भाटी ने बताया कि यह संघ हजूरी समाज सेवा सदन से रवाना हुआ है। जय बाबा रामदेव सेवा समिति पैदल यात्री संघ को गादीपति महंत बाल भारती, महंत नारायण भारती महाराज, हजूरी समाज अध्यक्ष कमलसिंह भाटी,अर्जुनसिंह परिहार, अशोक तवर, हुकमसिंह, देवीसिंह रामाणी, अजयसिंह राहड,मदनसिंह भाटी, मोतीसिंह तवर, शिवनारायण सिंह, अर्जुनसिंह राठौड़, देवीसिंह भाटी, चंपालाल पवार, घनश्याम सिंह, अचलसिंह दईया, जितेन्द्र सिंह, डूंगरसिंह सहित हजूरी समाज के मौजीज लोगों ने बाबा रामदेव की ध्वजा लहराकर रवाना किया।

डिस्ट्रिक्ट क्लब में प्रतियोगिता हुई

पाली, (नि.सं.)। डिस्ट्रिक्ट क्लब में जीडी गोयनका विद्यालय के तत्वाधान मे आयोजित 68 वीं जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन डिस्ट्रिक्ट क्लब के तरणताल मे कई इवेंट के फ़ाइनल मुकाबले आयोजित हुए। जिसमे जिलेभर से आये तैंराकों ने कम से कम समय निकाल प्रतियोगिता जितने के लिए दमखम लगाया। प्रतियोगिता संयोजक व प्रमुख निर्णायक सत्यनारायण परिहार व विद्यालय प्राचार्य मगदत पुष्करणा ने बताया की मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट क्लब के तरणताल मे 50 मीटर फ्री स्टाइल प्रतियोगिता के फ़ाइनल मुकाबले मे सेंटपोल स्कूल के जयवर्धन सिंह ने प्रथम, डीपीएस के श्रेयांश ने द्वितीय छात्रा वर्ग में बिड़ला सोजत की वैशाली सोनी ने प्रथम, केंद्रीय विद्यालय की रिया चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल मे बिडला स्कूल की मूमल सोनी प्रथम व केंद्रीय विद्यालय की रिया द्वितीय तो छात्र वर्ग मे डीपीएस के रौनक प्रथम, बिडला का दीपक द्वितीय रहा। 50 मीटर बटर फ्लाई मे केंद्रीय विद्यालय का अनिरुद्ध शर्मा प्रथम, डीपीएस का दीपक दूसरे नम्बर पर रहे। प्रतियोगिता संयोजक परिहार ने बताया कि शेष रही प्रतियोगिता बुधवार को खेली जाएगी। इस दौरान तैराकी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ निर्णायक समिति पूरनसिंह चाँपावत, प्रियांशी परिहार, रामभगत चौधरी, प्रदीप टांक प्रकाश दवे व भीमाराम मौजूद रहे।

द प्रिंस ऑफ मारवाड़ क्रॉस कंट्री होगी

जोधपुर, (कासं)। पूर्व राजपरिवार के सदस्य शिवराज सिंह की ओर से आयोजित राज मारवाड़ खेल महोत्सव के अन्तर्गत द प्रिंस ऑफ मारवाड़ क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर के धावकों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह दौड़ हर साल 30 सितंबर को आयोजित की जाती है। इस साल दूसरा संस्करण भी उम्मेद भवन पैलेस प्रांगण से 30 सितंबर को प्रात: 8 बजे क्रॉस कंट्री दौड़ राज परिवार द्वारा झंडी दिखा रवाना की जाएगी। जिसका समापन भी उम्मेद भवन पैलेस में ही किया जाएगा। राज मारवाड़ खेल महोत्सव के सह संस्थापक राजेन्द्र कुमार गुर्जर ने बताया कि प्रथम तीन धावकों को इनाम राशि के साथ राज शाही ट्रॉफीज और चौथे से दसवां स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को भी विशेष क्रॉस कंट्री स्मृति चिन्ह भेंट किए जाएंगे। यह आयोजन राज मारवाड़ खेल महोत्सव और जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान के अलावा अन्य संगठनों और पेशेवर संस्थानों के सह सहयोग से आयोजन किया जाता है। राज मारवाड़ खेल महोत्सव के उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि इस आयोजन के लिए जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रजाक मोहम्मद और सचिव ओम पुरी सहित संघ से जुड़े कई खिलाड़ी भी राज मारवाड़ खेल महोत्सव के आयोजकों के साथ मिलकर योजना की रूपरेखा बना रहे हैं।

डायमंड जे.सी. वीक 2025 का शुभारंभ

पाली, (नि.सं.)। जेसीआई पाली डायनामिक ने आज सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में डायमंड जेसीवीक 2025 का विधिवत शुभारंभ किया। जेसीवीक संयोजक रितेश धारीवाल ने बताया कि यह सात दिवसीय कार्यक्रम हर साल जेसीआई द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें हर दिन सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होती है। आज के कार्यक्रम में विद्यालय में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. कटारिया ने बच्चों की जांच की और उन्हें दांतों की देखभाल के सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया और सभी बच्चों को डेंटल किट का वितरण किया गया। कल के कार्यक्रम में जेसीआई पाली डायनामिक द्वारा बांगड कॉलेज में वृक्षारोपण और वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के कार्यक्रम में विनय बम्ब, दिनेश पंवार, धीरज मूंदड़ा, अरिहंत सुंदेशा, नवरत्न सिंघवी, पंकज दुबे, प्रकाश पंवार, अरविंद कवाड़, अंकित भंसाली, रवि माहेश्वरी और धर्मेंद्र खत्री सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

आउटरिच कार्यशाला आयोजित

जालोर, (कासं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर में मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार के निर्देशन में आई स्टार्ट फोर स्टार्टअप आउटरिच कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कॉलेज कॉर्डिनेटर प्रमोद सिंह व अभिषेक शर्मा ने आई स्टार्ट योजना के तहत छात्र-छात्राओं को नेस्ट डिस्ट्रिक्ट इनक्युबेसन प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी तथा आई स्टार्ट पहल के दृष्टिकोण को साझा करने के साथ ही राज एलएमएस के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर के समूह अनुदेशक उम्मेदसिंह चौहान, कनिष्ठ अनुदेशक अरविन्द कुमार परमार सहित अतिथि अनुदेशक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

तखतगढ़ से चारभुजा पैदल संघ

पाली, (नि.सं.)। रांकावत वैष्णव गौड़वाड़ समाज का चारभुजा के लिए पैदल संघ मंगलवार को हाथी घोड़े बैंड बाजा के साथ भगवान चारभुजा का रथ सैकड़ों समाज बंधुओं के साथ नाचते गाते रवाना हुआ। जिसका तगतगढ़ के बाद जगह-जगह स्वागत हुआ। शाम को बिरामी चौकी पहुंचा, जिसमें अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रकाश कोटेचा, रामदास बिरामी, चैन दास बोराणा, मदन सिंदरू, तगतगढ़ का लाभार्थी परिवार सैकड़ो समाज समाज बंधु मौजूद रहे। मंगलवार रात्रि में भजन संध्या हुई। बुधवार सुबह जल्दी रवाना होकर संग रानी पहुंचेगी। रानी संस्था द्वारा पैदल सग़ का स्वागत होगा, दोपहर का खाना विगलला, रात्रि विश्राम नाडोल खेतलाजी होगा।

'धर्म की रक्षा करना कर्तव्य'

पाली, (नि.सं.)। स्थानीय गीता सत्संग भवन मैं भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक देवी हेमलता शास्त्री ने कहा कि अपने बच्चों में धर्म के संस्कार देना माता-पिता का प्रथम कर्तव्य, वही धर्म की रक्षा करना सनातनियों का पहला कर्तव्य है, इसलिए सदैव धर्म के मार्ग पर चले। सभी भक्तों को अध्यात्म की गहराईयों में ले जाकर, भगवान कृष्ण के महान कार्यों और उनकी दिव्यता का अनुभव कराया। जिसमें बाल लीलाओं के पश्चात द्वारकाधीश बने, और रुक्मणी जी के बुलावे पर जाकर उनका हरण कर रुक्मणी जी से विवाह किया। संगीत में कथा के द्वारा सुनाया।

मनोरोग विशेषज्ञों ने आत्महत्या के कारणों व निदान पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस को लेकर जोधपुर के मेडिकल कॉलेज व महात्मा गांधी हॉस्पिटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मनोरोग विशेषज्ञों ने लगातार बढ़ रही सुसाइड की घटनाओं को लेकर चर्चा की। इसे कम करने और लोगों को डिप्रेशन से मुक्त करने के लिए अपने-अपने विचार रखे। चिकित्सा कर्मचारियों को डिप्रेशन से प्रभावित लोगों की मदद करने की शपथ भी दिलाई गई।

मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. संजय गहलोत ने कहा- सुसाइड से व्यक्ति की मनोदशा संबंधित होती है। स्वयं जानबूझकर अपनी जान देने की प्रवृत्ति सबसे ज्यादा बढ़ गई है। इसने हर उम्र और हर वर्ग को अपनी चपेट में ले रखा है। इस तरह से विचार रखने वाला डिप्रेशन से ग्रासित होता है।

इसके लिए तीन तरह के उपचार है। संवाद थैरेपी, एंटी डिप्रेशेंट ड्रग्स और जीवन शैली में बदलाव।

एमडीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया ने कहा- वर्तमान परिवेश तनावपूर्ण हो चुका है। कॉलेज में पढ़ने आने वाले स्टूडेंट बाहर के होते है। अलग परिवेश और दूसरों के साथ तालमेल व घर की याद आने से बच्चे भावनात्मक कमजोर हो जाते है। इसके साथ ही उन पर पढ़ाई और कॉम्पीटिशन का दबाव होने से डिप्रेशन में चले जाते है। इसके चलते युवाओं को अपने परिजनों से हमेशा बात व अपने अच्छे दोस्त रखने चाहिए है। उनसे बात करके युवा डिप्रेशन से फ्री हो सकते है।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. फतेहसिंह भाटी ने बताया कि हॉस्पिटल में कर्मचारियों को शपथ दिलवाई गई।

इससे पहले कर्मचारियों को अपने साथी, पड़ोसी, परिवार के लोग जो डिप्रेशन में है। उन्हें डिप्रेशन मुक्त करने के लिए कई उपाय भी बताए गए।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जोधपुर के मेडिकल कॉलेज व महात्मा गांधी हॉस्पिटल में कार्यक्रम का आयोजन किया।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगे : विजयवर्गीय

जोधपुर, (कासं)। मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल के हालात पर ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां स्थिति राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी है। वहां लॉ एंड ऑर्डर जीरो है, महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।

विजयवर्गीय सोमवार को जोधपुर में अपने एक निजी कार्यक्रम के तहत आए थे। जोधपुर से रवाना होते समय उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अधिकारियों, गुंडो और राजनेताओं का एक नेक्सस काम कर रहा है। इस नेक्सस ने पूरे प्रदेश के लोगों में आतंक फैला रखा है। बंगाल में चल रहे नेक्सस के जरीए अवैध वसुली हत्याएं और रेप हो रहे है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि थानो में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जाती। कुल मिलाकर पश्चिमी बंगाल अराजक प्रदेश बन गया है।

ममता पर जुबानी हमले में विजयवर्गीय ने कहा कि ममता बनर्जी को सीएम पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं। जहां महिलाएं सुरक्षित नहीं है वहां महिला मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। लॉ और ऑर्डर नहीं है ऐसे में इस्तीफा दे देना चाहिए। राष्ट्रपति शासन की बात पर विजयवर्गीय बोले की वैसे तो यह विषय सरकार का है मैं किसी तरह की टिप्पणी नहीं करुंगा लेकिन जो हालात अभी पश्चिम बंगाल के है ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

नशा मुक्ति चिकित्सा एवं सामान्य आरोग्य होम्योपैथिक शिविर शुरू

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफ़ेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान एवं अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के सहयोग से तीन दिवसीय नशा मुक्ति चिकित्सा एवं सामान्य आरोग्य होम्योपैथिक शिविर का आयोजन किया गया है।

यह शिविर 12 सितंबर तक चलेगा और इसमें सभी ग्रामीणवासियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नशामुक्ति के लिए जागरूकता और स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। शिविर का उद्देश्य न केवल नशे की लत से जूझ रहे लोगों को मुक्ति दिलाना है, बल्कि उनके समठा स्वास्थ्य को सुधारने में भी मदद करना है।

नशा मुक्ति शिविर के साथ-साथ होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धित के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मुफ्त परामर्श और दवाइयां वितरित की जाएगी। शिविर प्रभारी एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ.प्रवीण प्रजापति ने बताया कि इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बहुत लाभ होगा, जहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही है, जो इस पहल की सफलता को दर्शाती है। साथ ही होम्योपैथी की टीम द्वारा सामान्य आरोग्य शिविर लगाया गया जिसमें घुटनों में दर्द, त्वचा रोग, जुकाम, बुख़ार जैसे कई रोगों की चिकित्सा देकर परामर्श दिया गया।

शिविर के पहले दिन में 51 रोगियों को अफीम, डोडा, स्मैक, गुटखा, शराब एवं धूम्रपान आदि का नशा करने वाले रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं चिकित्सा दी गई। 50 से अधिक रोगी सामान्य रोगों से लाभान्वित हुए। डॉ. प्रवीण प्रजापति, डॉ.जयदीप गोठवाल, डॉ. राजेश यादव, परिचारक सत्यनारायण एम्बुलेंस चालक श्रवण सिंह, होम्योपैथी चिकित्सालय से डॉ आभा अठावाल सह आचार्य एवं डॉ. अजय कुमार जटोलिया सहायक आचार्य ने अपनी सेवाएं दी।

रामद्वारा में संतों का संगम

पाली में गांधी मूर्ति स्थित रामद्वारा में कथा वाचक रामशरण महाराज के सानिध्य में खेड़ापा रामद्वारा के संतों का संगम कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। गांधी मूर्ति स्थित रामद्वारा में मंगलवार को कथा वाचक रामशरण महाराज के सानिध्य में खेड़ापा रामद्वारा के संतों का संगम किया गया।

इस अवसर पर महाराज ने कहा की हमेशा प्रभु का नाम स्मरण करें, जो कार्य आज करना है वह अभी करें, नहीं तो समय निकल जाता है। हमेशा सत्य का साथ दे, सनातन धर्म में रहकर हमें अच्छे कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर संत सुरजन दासजी ने भी भक्तों को अपने प्रवचन दिए। आज रामद्वारा में चल रही कथा में रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के संस्थापक स्वामी रामचरण महाराज का दीक्षा दिवस मनाया गया। इसमें खेडापा रामधाम आचार्य पुरषोंतम दास महाराज का आगमन हुआ, उनका रामद्वारा समिति की ओर से साल माला पहना कर स्वागत किया गया। जिसमें नंदलाल बिरला कन्हैया लाल पवार, कृष्णकांत, हनुमान सिंह मौजूद रहे।

नर्सिंग स्टूडेंटस का प्रदर्शन जारी

जोधपुर, (कासं)। महात्मा गांधी चिकित्सालय में स्थित सरकारी नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने ट्रांसपोर्ट के लिए बस की मांग को लेकर मंगलवार को भी अपना आंदोलन जारी रखा।

उन्होंने नर्सिंग यूनियन से समर्थन मांगते हुए राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन को ज्ञापन भी सौंपा। नर्सिंग स्टूडेंट्स ने बताया कि विद्यार्थियों को उम्मेद अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर जाने के दौरान बीच रास्ते में कई बार असुविधा होती है। छात्राएं छेड़छाड़ की घटनाओं से परेशान है। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के नर्सिंग विद्यार्थियों को वर्ष 2006 से लगातार 15 साल तक ट्रांसपोर्ट की सुविधा रही। पिछले दो साल से बस खराब हो चुकी है।

झांसे से जेवरात ले जाने वाली अतर्रराज्य गिरोह का पर्दाफाश

पाली, (नि.सं.)। पाली में पुलिस ने ज्वैलरी में स्वर्णदोष बताकर घर में अशान्ति होने की शंका पैदा कर ज्वैलरी में दोष निवारण का झांसा देकर महिलाओं की ज्वैलरी उतरावकर ले कर भाग जाने वाली गैंग का पर्दाफाश किया।

कोतवाल किशोरसिंह भाटी ने बताया कि उत्तराखण्ड के गुलरभोज की अतर्रराज्य गिरोह का पर्दाफाश कर 2 अभियुक्त व 6 गैरसायल गिरफ्तार किए। अजमेर, जयपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, टोंक, सीकर, उदयपुर सहित उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पजांब, मध्यप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, गुजरात व महाराष्ट्र, पाली, जयपुर, सवाई माधोपुर, धौलपुर, टोंक, सीकर, उदयपुर आदि में 24 से ज्यादा वारदात करना स्वीकार की।

सिटी जितेन्द्रसिंह ने बताया कि चार महीने की मेहनत में कोतवाली थाने के कांस्टेबल जितेन्द्र बागोर और महेश जाट की मुख्य भूमिका रही। पुलिस ने उत्तराखंड के उधमसिंह जिले के फकीर की परचून की दुकान के पीछे, गांव कोपा ठंडा नाला पोस्ट गुलरभोज, (गदर) निवसी 20 साल के साहिल पुत्र नियाज मोहम्मद, उत्तराखंड के उधमसिंह जिले के फकीर की दुकान के बगल वाली गली में कोपा ठंडा नाला पोस्ट गुलरभोज 26 साल के आमीर खान पुत्र मोहम्मदीन फकीर को गिरफ्तार किया। साथी कालू बाबा की मजार के पास, कोपा ठंडा नाला, पोस्ट गुलरभोज, (गादरपुर) निवासी 22 साल के सादिक हुसैन पुत्र लियाकत अली, उत्तराखंड के उधमपुर जिले के आम के पेड़ के पास, कोपा ठण्डा नाला, पोस्ट गुलरभोज (गादरपुर) 20 साल के इमरान खान पुत्र खुशी मोहम्मद को गिरफ्तार किया। 22 साल के मेहबूब पुत्र छोटे राणानिवासी सुफियाना मस्जिद के पीछ कोपा ठण्डा नाला, पोस्ट गुलरभोज पुलिस थाना गादरपुर जिला उधमसिह नगर, 32 साल के अनिल कुमार राजपाल सिंह फकीर की दुकान के पीछे, कोपा ठंडा नाला गुलरभोज, 25 साल के फरमान पुत्र कलुवा कालू पीर बाबा की मजार गांव कपाली कोपा, पोस्ट गुलरभोज, 19 साल के लहिक पुत्र ताफिक निवासी लिपसिट पेड वाला घर कोपा ठंडा नाला पोस्ट गुलरभोज पुलिस थाना गादरपुर जिला उधमसिह नगर उतराखण्ड को शांति भंग में गिरफ्तार किया।

खोडिया बालाजी मंदिर में चढ़ाई ध्वजा

खोडिया बालाजी मंदिर में राठी परिवार ने ध्वजारोहण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (पि.सं.)। गाजे बाजे के साथ खोडिया बालाजी मंदिर में ध्वजारोहण किया। राठी परिवार के बाल गोपाल राठी ने बताया कि हर वर्ष की भांति रामेश्वर लाल , बद्रीनारायण, श्यामसुंदर, अनीश राठी परिवार द्वारा भादवा सुत सप्तमी मंगलवार को भव्य ध्वजारोहण किया गया।

राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा मंदिर में फूलों की सजावट की गई। गाजे बाजे के साथ महिलाएं मंगल गीत गाती रही व ध्वजा चढ़ाई गई।। इस मौके पर गिरधारीलाल, नंदकिशोर, जुगल किशोर, तरुण तोषनीवाल, गिरीश, आदित्य, रक्षित, आयुष, दिव्य राठी, कैलाश भंडारी, विमल मूंदड़ा, चतर्भुज खाबानी, विनोद मोदी, प्रदीप लोहिया, अनिल भट्टड, श्याम खेतावत, पारसमल गुल्लेछा, मूलचंद सालेचा, गवरी देवी, पुष्पा देवी, उषा, शिल्पी, हिमाक्षी राठी, कौशल्या, शशीबाला, मधुबाला, विनिका तोषनीवाल, सीमा भंडारी, मंजू नवाल, मनाली भट्टड़,गरिमा लोहिया मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। मथानिया स्थित रामपुरा गांव में एक युवक की रेल की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि भीलों की ढाणी गिंगला निवासी छैलाराम पुत्र दलाराम भील ने पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 9 सितम्बर को रामपुरा गांव में उसका रिश्तेदार चेतनराम पुत्र घेवरराम भील रेलवे ट्रेक को पार कर रहा था। तब अचानक से ट्रेन आने पर वह उसकी चपेट में आ गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे — **संक्षिप्त सूचना**

रेलवे भर्ती कक्ष

उत्तर पश्चिम रेलवे, बिल्डिंग नं. 4, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने, निकट रेलवे स्टेशन द्वितीय द्वार, जयपुर-302006

अधिसूचना संख्या 04/2024 (उपरे/स्पोर्ट्स/खुला विज्ञापन)

(यह भर्ती केवल खिलाडियों के लिए है)

अधिसूचना संख्या 04/2024 (उपरे/स्पोर्ट्स/खुला विज्ञापन) के द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर खेलकूद कोटा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खुले विज्ञापन के तहत **खिलाडियों की भर्ती हेतु भारत के पात्र खिलाडियों से** ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

- **ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि** : 09.09.2024
- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** : 09.10.2024, समय 23:59 बजे तक
- **रिक्तियों (पदों) की संख्या** : 54 (पूर्ण विवरण हेतु विस्तृत अधिसूचना देखें)
- **न्यूनतम योग्यताएं** : स्नातक, 10+2, मेट्रिक या आईटीआई या समकक्ष (पे लेवल के अनुसार) साथ ही खेलकूद योग्यता।
- **आयु सीमा** : 18 से 25 वर्ष (दिनांक 01.01.2025 को)

विस्तृत अधिसूचना एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु कृपया रेलवे भर्ती कक्ष की वेबसाइट www.rrcjaipur.in का अवलोकन करें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

1051-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कुपोषण गंभीर समस्या : सिंह

पोकरण, (निसं)। देश में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। इस समस्या को कम करने के लिए हमें अपने खान-पान में बदलाव लाने की आवश्यकता है। साथ ही पोषण अभियान को देशव्यापी जन आंदोलन बनाना चाहिए। यह उदगार मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार जोधपुर द्वारा पंचायत समिति सांकड़ा, तालुका विधिक सेवा समिति पोकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय जयपुर के पंजीकृत दल,ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग साकडा के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण विशेष जागरूकता कार्यक्रम पंचायत समिति साकडा परिसर में संबोधित करते हुए सहायक मेलाधिकारी एवं विकास अधिकारी नरपत सिंह ने कही।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओ) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व मे आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

क्र. सं.	(i) डिमांड नोटिस राशि	(ii) सहमति	(iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं)	(iv) गिरवी सम्पत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) निलामी की तिथि व समय	(viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय	(ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं.
1	रूपये 6918686.63/- डिमांड नोटिस तिथि 11 अप्रैल 2021	2686355, 2742094 एवं 11394111	कैलाश ब्रदर्स जयवन्ती लखानी एवं दिनेश लखानी	व्यावसायिक सम्पत्ति क्षेत्रफल 19.50 वर्ग मीटर, क्लाथ मार्केट, नीमाज की हवेली, जिला-जोधपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और क्षेत्रफल है- उत्तर-रोड 15 फिट चौडी, दक्षिण-नीमाज की हवेली, पूर्व- मै.सिमरतमल जी की दुकान, पश्चिम-मोहन लाल राठी की दुकान	रूपये 5536155.00/-	रूपये 553615.50/-	30 सितम्बर 2024 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक	27 सितम्बर 2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक	21 सितम्बर 2024 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक	नाम-सरदीप सिंह राठौड सम्पर्क नम्बर- 9887772255 नाम-आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर- 7737204242

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 11.09.2024
स्थान- जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)